## सार-समाचार

### राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के किसानों की 13 सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से आज जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। पूर्व विधायक गिरधारी महिया की अगुवाई में किये गये प्रदर्शन में रोष जताया कि किसान अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है और भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार मौन बैठी है। उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। अगर हमारी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में संयुक्त किसान मोर्चा सहित विभिन्न पाटि्यां सरकार के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ेगी। इस मौके पर नीति आयोग के आदेश की प्रतियां भी जलाई गई। प्रदर्शन करने वालों में जेठाराम लाखूसर,अविनाश व्यास,प्रसन्न कुमार,सुन्दर बेनीवाल सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे। किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की जान बचाने ,दिल्ली कूच करने वाले किसानों पर दमन बंद करने ,नोएड-ग्रेटर नोएडा के सभी किसानों को लुक्सर जेल से रिहा करनेराष्ट्रीय कृषि बाजार नीति को वापस लेने,नौ दिसंबर 2021 के पत्र में सहमति के अनुसार लंबित मुद्दों का समाधान करने,राजस्थान में बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने स्मार्ट-मीटर योजना बंद करने,राज्य में बिजली की कटौती पर रोक लगाने,बिजली की बड़ी ट्रासमिशन लाइनों और टावरों के नीचे आने वाली जमीनों का पूरा मुआवजा देनेसोलर कंपनियों द्वारा पर्यावरण व खेजड़ी कटाई पर रोक लगाने ,आईजीएनपी नहर में चार में से दो समूह में एक साथ पानी देने,सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद केन्द्रों पर कोटा बढ़ाकर मूंगफली व मूंग के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया चालू करनेसोलर लगने वाले गांवों में स्थानीय लोगों के साथ जिन किसानों की जमीनें व अधिकरण हुई है,उन किसानों को रोजगार देने की मांग शामिल है।

### सम्मान मार्च आज

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान के विरोध में जिला मुख्यालय पर बाबा साहब'डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च' का आयोजन किया जाना है जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि इसी कड़ी में बीकानेर शहर और देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 24 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे अंबेडकर सर्किल से सम्मान मार्च का आयोजन रखा गया है संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि बीकानेर शहर और देहात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशपाल गहलोत बिशनाराम सियाग की अध्यक्षता में सम्पन्न होने वाले इस समान मार्च कार्यक्रम में जिले से प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य, लोकसभा के प्रत्याशी, विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला प्रमुख, नगर निगम एवम निकाय के अध्यक्ष या नेता प्रतिपक्ष,जिले के ब्लॉक अध्यक्ष, जिले में रहने वाले प्रदेश के अग्रिम संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जिले में अग्रिम संगठनों विभागों प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष,पूर्व सांसद पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े सदस्य भागीदारी निभायेंगे

### कृष्ण सुदामा का प्रसंग सुनाया

**बीकानेर, (कासं)।** श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, मुक्ता प्रसाद नगर में कथावाचक पंडित अमित भारद्वाज द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान का आयोजन किया गया। कथा के दौरान पंडित भारद्वाज द्वारा सातवें दिन कृष्ण-रूकमणी विवाह एवं कृष्ण-सुदामा की मित्रता का विशेष प्रसंग सुनाया गया। भागवत कथा प्रसंग को छोटी-छोटी कहानियों बताते हुए मधुरमय भजनों के साथ वाचन किया गया। जिससे आस-पास का माहौल आनन्दमयी एवं मंत्रमुग्ध हो गया।सजीव झांकी में छोटी बालिकाओं द्वारा कृष्ण-रूकमणी की वेशभूषा में तैयार होकर रोल किया गया। साथ ही कथा में 150 से अधिक बार सुदामा का रोल कर चुके राजकुमार भाटिया द्वारा सुदामा के प्रसंग का नाट्य प्रदर्शन कर उपस्थित भक्तगणों को भावविभोर कर दिया। कथा के पश्चात् महाआरती में मौहल्ले के वरिष्ठ पुरूषों एवं महिलाओं के साथ युवाओं और बच्चों द्वारा भी बढ़चढ़ कर भाग लिया गया । कथावाचक भारद्वाज ने बताया कि मंदिर के समस्त भक्तगणों के सहयोग से हवन के साथ पूर्णाहुति की जाएगी ।

### एन.एस.एस. शिविर का आयोजन

**नोखा, (कासं)।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वितीय एक दिवसीय शिविर तथा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित गणितीय सप्ताह के अंतिम दिन दो व्याख्यानों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी विशाल कुमार सगतानी ने बताया कि एक दिवसीय शिविर के प्रथम सत्र में उपभोक्ता क्लब के तत्वाधान में 'उपभोक्ता जागरूकता' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यनारायण राजपुरोहित, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. रणवीर सिंह, उपभोक्ता क्लब के संयोजक डॉ. मुकेश शर्मा तथा श्री महेश गोदारा ने स्वयंसेवकों को उपभोक्ता के अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों, टोल फ्री नंबर, वेबसाइट, भारतीय मानक ब्यूरो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र बैरवा ने बताया- शिविर के द्वितीय सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने हेतु श्रमदान किया। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित गणितीय सप्ताह के अंतर्गत प्रथम व्याख्यान में श्री विजय माकड़, सहायक आचार्य गणित, इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर ने रामानुजन के जीवन परिचय और गणित में उनके योगदान पर चर्चा की। द्वितीय व्याख्यान में डॉ. राधा माथुर, सहायक आचार्य गणित, इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर ने रामानुजन की गणितीय प्रतिभा और उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तार से जानकारी दी।

### सृजन संवाद की तीसरी कड़ी 27 को

**बीकानेर, (कासं)।** हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में प्रकाशित पुस्तकों पर चर्चा की श्रृंखला 'सृजन संवाद' की तीसरी कड़ी में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्णा आचार्य के लघु कथा संग्रह 'संवेदना जिंदा है' पर 27 दिसम्बर को सायं 4 .15 बजे से सूचना केंद्र सभागार में चर्चा आयोजित की जाएगी।राजभाषा संपर्क अधिकारी हरिशंकर आचार्य ने बताया कि संजय आचार्य 'वरुण' द्वारा पत्र वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कथाकार राजेंद्र जोशी करेंगे।

### नवीन बुनकरों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बीकानेर, (कासं)।** बजट घोषणा की अनुपालना में ग्रामोदय विकास संस्थान भीनासर द्वारा सोमवार को नवीन बुनकरों का प्रशिक्षण का प्रारम्भ किया गया। यह प्रशिक्षण 27 जनवरी तक 30 कार्यदिवस चलेगा। इस दौरान बुनकरों को प्रतिदिन पांच सौ रुपए मानदेय दिया जाएगा। मास्टर क्राफ्टमेन को 625 रुपए प्रतिदिन मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिन संस्था के मंत्री झवरलाल पन्नू एवं मास्टर क्राफ्ट मैन धर्मचंद ने बुनकरों को खड़ी लूम के बारे में जानकारी दी।

### भाषण प्रतियोगिता में रिया प्रथम

**बीकानेर, (कासं)।** श्री जैन कन्या पी.जी. महाविद्यालय में सांस्कृतिक खेलकूद सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन भाषण, एकल गायन , कविता पाठ, बैटमिंटन प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया शर्मा , द्वितीय श्रेया , तृतीय अमृता कँवर वही एकल गायन में प्रथम श्रेया ओझा , द्वितीय स्थान रिद्धिमा आचार्य, तृतीया वर्षा छिम्पा ने प्राप्त किया , कविता पाठ में प्रथम भाविका द्वितीय वर्षा तृतीय दीपशिखा रही। बैटमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम करीना टूल्यानी , दूसरा स्थान एकता सुराना , तृतीय स्थान आस्था मनुजा ने प्राप्त किया सांस्कृतिक सप्ताह के अंतिम दिन 24-दिसम्बर को एकल नृत्य तथा सामूहिक नृत्य का आयोजन किया जाएगा विजित छात्राओ को महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### श्रद्धांजलि सभा आज

**बीकानेर, (कासं)।** जुबिली नागरी भण्डार पाठक मंच बीकानेर की तरफ से नगर की प्रसिद्ध ओजस्वी वरिष्ठ कवयित्री प्रमिला गंगल एवं संगीत जगत के महान कलाकार रफ़ीक़ सागर के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। श्री जुबिली नागरी भण्डार पाठक मंच के नंदकिशोर सोलंकी एवं कार्यक्रम संयोजक क़ासिम बीकानेरी ने संयुक्त रूप से बताया कि स्वर्गीय प्रमिला गंगल और रफ़ीक़ सागर की स्मृति में दिनांक 24 दिसंबर, सायं 5:15 बजे श्री जुबिली नागरी भण्डार ट्रस्ट स्थित महारानी सुदर्शन आर्ट गैलरी नागरी भण्डार स्टेशन रोड में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया है। जिसमें नगर के साहित्य, कला एवं संगीत से जुड़े महानुभावों द्वारा इन दोनों महान शख्सियतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव 10 जनवरी से, पोस्टर का विमोचन

**बीकानेर, (कासं)।** अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव 10 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सोमवार को इसके पोस्टर का विमोचन किया और अब तक की तैयारियों की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने कहा कि उत्सव में अधिक से अधिक देशी और विदेशी पर्यटक शिरकत करें, इसके मद्देनजर इसका व्यापक प्रचार-प्रचार किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्सव के दौरान ऐसे नवाचार हों, जिससे राजस्थान की

■ **कलेक्टर ने कहा कि उत्सव के दौरान ऐसे नवाचार हों, जिससे राजस्थान की संस्कृति और परंपराओं को नई पहचान मिल सके**

संस्कृति और परंपराओं को नई पहचान मिल सके। जिला कलेक्टर ने बताया कि 10 जनवरी को भव्य सांस्कृतिक संध्या के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसमें विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। जूनागढ़ परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान हैंडीक्राफ्ट सहित स्थानीय विशेषताओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।जिला कलेक्टर ने बताया कि 11 जनवरी को राष्ट्रीय उच्च अनुसंधान केंद्र में ऊंट नृत्य, ऊंट फर कटिंग, ऊंट सज्जा, ऊंट दौड़ तथा अश्व से संबंधित गतिविधियां आयोजित होंगी। दोपहर 3:30 बजे जूनागढ़ से शोभायात्रा रवाना होगी। इसमें सजे-धजे ऊंट, ऊंट गाड़े, तांगे, हेरिटेज गाड़ियां, लोक कलाकार, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स,स्कूली विद्यार्थी भाग लेंगे। सायं साढे चार बजे से डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में मिस्टर बीकानेर, मिस मरवन तथा ढोला मरवण शो आयोजित होंगे। सायं 7 बजे डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि 12 जनवरी को रायसर में रस्साकसी, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, साफा बांधने की प्रतियोगिता, महिला मटका दौड़ तथा ड्यून रेस आदि आयोजित होंगी। वही सैंड आर्ट एग्जिबिशन, हैंडीक्राफ्ट, फूड बाजार, हॉर्स रेस, कैमल कार्ट सफारी आदि गतिविधियां होंगी। सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक केंद्रों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी।

जिला कलेक्टर ने बताया कि 2 जनवरी को पीले चावल बांटकर आमजन को उत्सव के लिए न्यौता दिया जाएगा। इसमें रोबीले, लोक कलाकार और सजे-धजे ऊंट-घोड़े साथ रहेंगे। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समस्त तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। सभी कार्यक्रम भव्य और गरिमामय तरीके से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऊंट उत्सव बीकानेर की पहचान से जुड़ा आयोजन है। इसके मद्देनजर इसके आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़ ने उत्सव की अब तक की तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों से हो रहे ऊंट उत्सवों की जानकारी दी। बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नगर) सौरभ तिवारी, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, इंडियन रेडक्रास सोसायटी के विजय खत्री, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के संभागीय अध्यक्ष श्री गोपालअग्रवाल, पर्यटन व्यवसाई विजय सिंह भाटी रायसर, किशन सिंह, पर्यटन अधिकारी पवन शर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी योगेश राय आदि मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पोस्टर का विमोचन किया।

# पैदल मार्च निकाला

**बीकानेर, (कासं)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर सियासत गर्म है। जिसको लेकर आज पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल की ओर से कर्मचारी मैदान में धरना देकर कलक्ट्रेट से अम्बेडकर मूर्ति स्थल तक पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान पूर्व मंत्री गोविन्दराम ने कहा कि संसद में गृहमंत्री की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहब पर आपत्तिनजक टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक है। जिससे देश व प्रदेश में दलित,पिछड़ों व वंचित समाज की भावनाओं को आघात पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि गृहमंत्री की बाबा साहब पर की गई टिप्पणी से दलितों व पिछड़ों के प्रति भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता प्रकट होती है। उन्होंने कहा कि गरीबों, पिछड़ों के भगवान डा. भीमराव अम्बेडकर के प्रति ऐसी भाषा का प्रयोग और टिप्पणी समाज के लोग सहन नहीं करेंगे। वहीं उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अमित शाह की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से पूरे देश में आक्रोश है। संसद में हुए हंगामे के पीछे सरकार का उद्देश्य ध्यान भटकाना है, लेकिन जनता सब देख रही है और इसका परिणाम जल्द सामने आएगा। देश के हर दलित,महिला और बच्चे का अपमान शाह ने किया है। वक्ताओं ने कहा कि ये नफरत फैलाने वाले लोग है,बाबे साहब को लेकर इन्होंने गलत बात बोली है,उसको हम कभी सहन नहीं करेंगे। और जब तक इस्तीफा नहीं देंगे,अमित शाह के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।धरने में बड़ी संख्या में बीकानेर सहित जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से भी ग्रामीण पहुंचे।

जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि बीकानेर पंचायत समिति प्रधान लालचंद आसोपा, उरमूल डेयरी अध्यक्ष नोपाराम जाखड़, पूर्व विधायक गिरधारी लाल महिया, जोगेंद्र सिंह राजगढ़ रामधन, राकेश चांगरा , गणेशाराम दावा, राम सिंह सोढा ,दीपक अरोड़ा, यासीन खान, रफीक शाह, हेतराम जाखड़, हेमाराम मेघवाल, पोकरण बरोड,डॉ गुनाराम सादुल, राधाकृष्ण, पेमाराम प्रधान, कन्हैयालाल भाटिया, देवीलाल परिहार, मेगाराम देवड़ा, घनश्याम मास्टर, हुकमाराम, सीताराम, सगुना राम, नारायण सिंह, पन्नालाल नायक, कन्हैयालाल जेठाराम, रेवतराम कडेला, कयामुद्दीन पडियार, भंवरलाल पड़िहार,ओम प्रकाश भादू,विशनाराम दावा, सुधीर बिश्नोई,हीरालाल मेघवाल, सहीराम मेघवाल,रामलाल मेघवाल, सद्दाम हुसैन,राजेंद्र मेघवाल,मोहन लीलड, रामदेव मेघवाल नरेंद्र सिंह राजावत, लालचन्द, अरविन्द मिड्ढा, आनंद सिंह सोढ़ा, विक्की चड्ढा,राहुल जादूसंगत, रामनिवास कूकणा, प्रफुल्ल हटिला सहित अनेक तहसीलों से बड़ी संख्या में पंचायत समिति,जिला परिषद् के सदस्य,प्रधान प्रतिनिधि,सरपंच व पंचगण शामिल हुए।

## मंदिर का दानपात्र चोरी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** शहर के सेतिया कॉलोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर से चोर मंदिर का दानपात्र चुरा ले गए। दानपात्र को लंबे समय से खोला नहीं गया था, ऐसे में इसमें करीब सवा लाख रुपए होने का अनुमान है।

चोरों ने मंदिर के मेन गेट का ताला तोड़ा और अंदर रखा दानपात्र चुरा लिया। आरोपियों ने दानपात्र का ताला नहीं तोड़ा। वे इसे उठाकर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर मंदिर समिति की ओर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। सेतिया कॉलोनी के भगवानदास पुत्र वल्लभदास की ओर से दर्ज मामले में कहा गया है कि चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र चुरा लिया। घटना रात करीब पौने तीन बजे के आसपास होने के संकेत मिले हैं।

मौके पर गए सेतिया कॉलोनी चौकी के किशनचंद ने बताया कि मौके पर चोरों के मेन गेट का ताला तोड़कर मंदिर में प्रवेश करने और दानपात्र चुरा ले जाने के संकेत हैं।

## स्वेटर बांटे

**नोखा, (निसं)।** ग्राम पंचायत हिम्मटसर के सभी सरकारी स्कूलों राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिम्मटसर, जवाहरमल बजाज बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हिम्मटसर, खरजानिया नाडी नायकों का मोहल्ला झिलाई नाडी, पीएम श्री विद्यालय हिम्मटसर में प्राथमिक कक्षाओं के सभी स्टूडेंट्स को सर्दी से बचाव के लिए राम प्रताप हनुमान दास मुंधड़ा चेरीटेबल ट्रस्ट देशनोक द्वारा स्वेटर वितरण किए।

# महत्तम महोत्सव का समापन

**नोखा, (कासं)।** महत्तम महोत्सव के अंतर्गत ग्रेंड समर्पणा दिवस मनाया गया। श्री अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ के तत्वावधान में श्री साधुमार्गी जैन संघ नोखा द्वारा सामूहिक एकासन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह समता शाखा, नवकार मंत्र जाप और प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासन दीपक संजय मुनि और शासन दीपिका लक्ष्यप्रभा ने आचार्य रामलाल के गुणों का गुणानुवाद किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजश्री सुराणा ने स्वाध्याय के महत्व पर प्रकाश डाला और निरंतर रत रहने के बारे में प्रेरणा दी। संघ के पदाधिकारी और विशिष्टजनों ने समर्पित चरित्र आत्माओं, वीर माता-पिता और पारिवारिकजनों को सम्मानित किया। विकास सुराणा ने पिछले ढाई साल की महत्तम यात्रा को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। नम्रता संखलेचा और ममता बैद ने महावीरचक्र धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में महत्तम महोत्सव के विभिन्न प्रकल्पों में भाग लेने वालेप्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं : जोशी

बीकानेर, (कासं)। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन, बीकानेर ग्रेटर केंद्र के तत्वावधान में सोमवार को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय नत्थूसर मालियान, के विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीशो के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. नरेश गोयल ने की, वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। मीशो के सचिव कल्याण मल सुथार ने बताया की स्वेटर वितरण कार्यक्रम के भामाशाह पोकरमल राजरानी गोयल चैरिटेबल

■ **डॉ. नरेश गोयल ने कहा की सेवा करने से धन घटता नहीं है, बल्कि आत्मिक सुख प्राप्त होता है**



संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल द्वारा स्वेटर वितरित किये।

ट्रस्ट के सौजन्य से विधालय के समस्त नियमित छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस के स्वेटर उपलब्ध करवाये गए।

उपस्थितों को संबोधित करते हुए डॉ. नरेश गोयल ने कहा की जरूरतमंद की मदद करना ईश्वर की सेवा समान है। जो लोग दूसरों की सहायता के लिए प्रयास करते हैं, उन्हें सदैव याद रखा जाता है। गोयल ने कहा की मानव सेवा और विशेषकर बच्चों की सेवा भावना से दूसरों को प्रेरणा मिलेगी तथा अच्छे परिणाम सामने आएंगे। गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंद की सेवा भामाशाह के रूप में आगे आकर करनी चाहिए, गोयल ने कहा कि सेवा करने से धन घटता नहीं है, बल्कि आत्मिक सुख प्राप्त होता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जरुरतमंदों की सेवा करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि बीकानेर भामाशाहों और दानदाताओं की धरती है। इस शहर के लोग सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। बीकानेर कि इस परंपरा को आगे बढ़ाने में पोकरमल राजरानी गोयल चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं उनके परिवारजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने मीशो द्वारा सामाजिक सरोकार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जरूरतमंद और पीड़ित व्यक्ति की सेवा करना परंपरा का हिस्सा रहा है। आज के दौर में यह बेहद प्रासंगिक है।

प्रमुख समाज सेवी एवं सदस्यता अभियान के संयोजक एडवोकेट महेंद्र जैन ने कहा कि संस्था द्वारा भविष्य में राजकीय विद्यालयों में जरूरी सेवाओं की पूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के वेद प्रकाश अग्रवाल ने सभी का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में जरूरी काम में सदैव आगे बढ़कर काम करेंगे। कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त सचिव डॉ पूजा मोहता ने किया। प्रारंभ में शाला प्राचार्य ममता सोनगरा ने सभी का स्वागत करते हुए महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल के सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी स्कूल के बच्चों को जरूरत के अनुसार सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। कार्यक्रम में मनोज व्यास उर्मिला व्यास, विजयलक्ष्मी खेडद ,सन्तोष सुथार, मुकेश जाखड़,अमिता राठी ,नीलम तिवारी, महेन्द्र सिंह,नवरतन आचार्य , शशिप्रभा गौड, सागरमल मीणा,अनिल गोदारा,सुमन कंवर सहित अनेक महानुभाव उपस्थित हुए।

## सार-समाचार

### केंद्रीय कारागृह का किया निरीक्षण



**बीकानेर, (कासं)।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षअतुल कुमार सक्सैना ने सोमवार को केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण किया। जिन बंदियों के पास पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। कारागृह में इस हफ्ते आए नव प्रवेशित बंदियों से मुलाकात की और बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में नि:शुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान दी। भोजनशाला में बंदियों को मिलने वाले भोजन को देखा व इसकी गुणवत्ता में और सुधार करने के लिए निर्देशित किया। कारागृह जेलर को सर्दी के मौसम में बंदियों को कम्बल, रजाई उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मांडवी राजवी, केन्द्रीय कारागृह जेलर सूरज, उप कारापाल देवांक तथा कारागृह स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### 14 गैस सिलेंडर जब्त

**बीकानेर, (कासं)।** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरूपयोग, अवैध रिफिलिंग तथा अवैध भंडारण के विरूद्ध अभियान के तहत जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घरेलू सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग की रोकथाम करने के लिए जिला रसद अधिकारी वीरेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षक पवन सुथार द्वारा सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी चौधरी ने बताया कि पवनपुरी में शराब ठेकों के पास इकबाल को घरेलू सिलेंडरों से अवैध रिफलिंग करते हुए पाए जाने पर उसके विरूद्ध एलपीजी अधिनियम, 2000 के खंड सं. 3,4,5 व 7 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार आदर्श कॉलोनी, ड्यूप्लेक्स कॉलोनी मोड़ पर एम.पी. नगर निवासी विपुल पुत्र महानन्द ठाकुर को भी एक दुकान में घरेलू सिलेंडरों से अवैध रिफलिंग करते हुए पाया गया। इन दोनों प्रकरणों में कुल 14 गैस सिलेंडर मय इलेक्ट्रोनिक कांटे तथा गैस रिफिलिंग मशीनें जब्त कर लिए गए। जब्त सिलेंडरों को पटेल नगर स्थित मां दुर्गा इण्डेन गैस ऐजेंसी के गोदाम में सुरक्षित रखने हेतु सुपुर्द किया गया। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार सक्षम न्यायालय में वाद पेश कर कानूनी कार्रवाई आरंभ की जाएगी।

### खाकी बाबा का मंदिर तैयार

**बीकानेर, (कासं)।** राजरंगों की बगेची में महान संत खाकी बाबा जी के मंदिर का नव निर्माण, दो सौ वर्ष पूर्व ली थी समाधि, तीन दिन विशेष आध्यात्मिक आयोजन होंगे देशभर में चार जगह है संत खाकी बाबाजी के समाधिस्थल, बरसी पर गृह शांति, वास्तु शांति,दुर्गा पाठ, हवन-अभिषेक-महाप्रसाद आदि के आयोजन होंगे महान संत श्रीश्री 108 खाकी बाबाजी महाराज का नवनिर्मित मंदिर कलात्मक एवं भव्यता के साथ बीकानेर की तपोस्थली राज रंगों की बगीची में बन कर लगभग तैयार हो गया है। मंदिर की खास बात यह है कि जिस स्थान पर बैठकर करीब ढाई शताब्दी पूर्व बाबाजी ने तप,योग एवं आध्यात्मिक ज्ञान की अलख जगाई और समाधि ली उसी समाधि स्थल पर उनके द्वारा पहने जाने वाले खड़ाऊ की दो जोडियां आज भी सुरक्षित है। नए बने मंदिर में उनकी यह खड़ाऊ भी स्थापित की गई है। खाकी बाबा को लेकर लोगों की आस्था इतनी है कि हर वर्ष उनकी बरसी पर न केवल महाप्रसाद का आयोजन होता है जिसमें बड़ी संख्या में लोग उनके समाधि और खड़ाऊ के दर्शन करने और प्रसाद ग्रहण करने आते हैं।

## 94 हजार प्रकरणों का निस्तारण

**बीकानेर,(कासं)।** वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अतुल कुमार सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। गया। इस दौरान न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक अधिकारी तथा पक्षकार मौजूद रहे।

इस अवसर पर सक्सेना ने बताया कि जिला मुख्यालय एवं समस्त तालुकाओं में राजीनामे के समस्त प्रकरणों का निस्तारण प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, बैंक के ऋण संबंधी मामलों, एनआईएक्ट के प्रकरण, राजस्व के प्रकरण व लम्बित प्रकरणों को सम्मिलित करते हुए शमनीय दाण्डिक अपराध, परक्राम्य विलेख अधिनियम, एमएसीटी मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली व पानी के बिल (चोरी के अलावा), मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, राजस्व मामले, अन्य सिविल मामले किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि का अधिकाधिक रूप से निस्तारण लोक अदालत की भावना से किया जाता है। सक्सेना के निर्देशन में जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17 बेंचों का गठन किया गया। जिला न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में से कुल 1 लाख 17 हजार 996 प्रकरण लोक अदालत में रखे गये। जिनमें 94 हजार 771 प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण हुआ।

**आम सूचना** दिनांक 19/12/2024

मैं अपने मुव्वकिलान (1) बसंत कुमार मारू पुत्र स्व. श्री पूनमचन्द व (2) कुसुमलता मारू पत्नी श्री बसंत कुमार मारू, जाति नाई, निवासी न्यू सर्कुलर मार्केट, बड़ा बाजार, बीकानेर के हिदायतानुसार आम सूचना देता हूँ कि मेरे उक्त मुव्वकिलान का छोटा पुत्र शत्रुघ्न मारू व पुत्रवधु ममता मारू उनके कहने में नहीं है, वह अपनी मनमानी करते हैं तथा मेरे मुव्वकिलान के साथ आये दिन लडाई झगडा करते रहते हैं तथा मेरे मुव्वकिलान की देखभाल नहीं करते है तथा दोनों ही आपस में भी झगडा करते रहते हैं, जिससे घर में अशांति का माहौल रहता है तथा मेरे मुव्वकिलान को ममता मारू कहती है कि घर मेरे नाम कर दो, वरना मैं आपके विरूद्ध झूठा मुकदमा कर फंसा दूंगी व जेल करवा दूंगी। मेरे मुव्वकिलान का इनके साथ रहना दुर्भर हो गया है तथा मन अशांत रहता है। ऐसी स्थिति में मजबूर होकर मेरे मुव्वकिलान अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शत्रुघ्न मारू व उसकी पत्नी ममता मारू को बेदखल करते हैं। इन दोनों से कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का लेन-देन करता है या कृत्य करता है या इन दोनों ने कोई गलत कदम उठाया तो दोनों ही जिम्मेवार होंगे। मेरे मुव्वकिलान की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

भवदीय

**सुरेन्द्र कुमार जैन, एडवोकेट,** हरिराम मन्दिर के पीछे, चौपड़ा बाड़ी, पुरानी लाईन, गंगाशहर, बीकानेर मो.- 9252987464

समन विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए

5व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908

न्यायालय पारिवारिक न्यायालय संख्या 3 बीकानेर न्यायाधीश श्री अजय गोदारा न्यायाधीश वादी उमत प्रतिवादी चोरूदीन वाद संख्या नम्बरी दिवानी 41/24

प्रेषिती- श्री चोरूदीन पुत्र श्री लाल मोहम्मद जाति देशवाली तेली (मुसलमान) निवासी कुम्हारों का मोहल्ला तेलीवाडा बीकानेर(राज.) वादिया ने आपके विरूद्ध दावा घोषणात्मक के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 30.1.2025 को दिन में 10बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है। कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है, पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप से निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तवेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को न्यायाल में उपसंजात नहीं होगें। तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज त.21.12.24 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

गोल मुहर

न्यायाधीश
न्यायालय की आज्ञा से
वरिष्ठ मुन्सरिम
पारिवारिक न्यायालय सं.3
बीकानेर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3224 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 23.12.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सावित्री देवी सोनी पत्नी श्री सरवन कुमार सोनी निवासी वार्ड नं. 22, 85 थर्ड ब्लॉक, ग्रीन पार्क के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 किला नं. 14 में माप 17.6 इंटू 65 फीट भू.सं. सी-58 साउथ पार्ट, रामदेव कॉलोनी, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 14802 दिनांक 12.05.2022 को श्री रूप सिंह पुत्र श्री लाल सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री सावित्री देवी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.11.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती सावित्री देवी सोनी पत्नी श्री सरवन कुमार सोनी निवासी वार्ड नं. 22, 85 थर्ड ब्लॉक, ग्रीन पार्क के पास, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1185

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

